हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

13 बिजली निगम कर्मियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल



14 बसंत पंचमी मनाई, नेताजी सुभाष चंद्र को किया नमन



## खबर संक्षेप



### डीसी ने पुराने रिकॉर्ड के निस्तारण के दिए निर्देश

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने वीरवार सुबह लघु सचिवालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालयों में स्वच्छता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में जो भी पुराना रिकॉर्ड है, उसका नियमानुसार निस्तारण किया जाए, जिससे कार्यालय में खाली जगह बनेगी। इसके अलावा मौजूदा रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित तरीके से रखा जाए। वहीं, कंडम सामान को कंडम घोषित करवाएं।

### शंकराचार्य के अपमान पर जताया रोष

**बहादुरगढ़।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय सचिव पंडित फूलचंद्र मिश्रा ने प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के अपमान पर रोष व्यक्त करते हुए सरकार व पुलिस के व्यवहार की निंदा की। उनके अनुसार समूचे सनातन समाज के स्वाभिमान पर प्रश्नचिह्न लगे हैं। संन्यास, साधना और शंकराचार्य परंपरा हमारी सभ्यता की प्राणवायु हैं। इस मौके पर प्रेमनाथ मिश्रा, अनिल दीक्षित, संदीप मिश्रा, अमित मिश्रा, मनोज पाठक व कन्हैयालाल भारतीय ने प्रशासन की घोर निंदा की।

### छिकारा कॉलोनी में फंदे पर लटकी मिली महिला

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। हालांकि असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतका की पहचान करीब 18 वर्षीय बबली के रूप में हुई है। वीरवार सुबह उसका शव फंदे पर लटके हुआ देखा गया। जांच अधिकारी पीएसआई आकाश ने कहा कि छिकारा कॉलोनी में एक महिला का शव फंदे पर लटका मिला है। उसके परिजनों को अवगत करा दिया है।

### लेबर चौक पर मिला युवक का शव

**बहादुरगढ़।** रेलवे रोड स्थित लेबर चौक के निकट एक युवक का शव मिला। ठंड या बीमारी से मौत होने की आशंका है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वीरवार सुबह किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक के कपड़ों से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। प्रथमदृष्टया प्रवासी मजदूर प्रतीत हो रहा है। सिटी थाने से जांच अधिकारी मनोज कुमार का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष आंकी जा रही है। शव को 72 घंटे के लिए अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### चोरीशुदा बाइक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चोरीशुदा बाइक बरामद की है, वहीं कुछ अन्य वारदातों का भी खुलासा हुआ है। आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित निवासी उत्तर प्रदेश और गौरव निवासी पटेल नगर बहादुरगढ़ के रूप में हुई है। थाना सेक्टर-6 के प्रबंधक जय भगवान ने बताया कि गौरव निवासी पटेल नगर ने शिकायत दी थी कि वह सेक्टर-6 बहादुरगढ़ गया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए।

---

### एमआईई की जूता फैक्ट्री में अंदर सो रहे दो श्रमिकों के जिंदा जलने से सुरक्षा पर उठे सवाल

# धुएं व आग में घिरे चचेरे भाई छत तक जाने से पहले जिंदा जले, ऊपर सो रहे श्रमिक ने नीचे लगाई छलांग

- 03 दिन पहले ही काम पर आए थे दोनों, खाना खाकर फैक्ट्री के ग्राउंड फ्लोर पर ही सो रहे थे
- रबड़, प्लास्टिक व केमिकल की वजह से फैली आग, वेंटिलेशन व फायर सिस्टम नहीं आए काम
- घायल आरिफ निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती, पुलिस होश में आने का कर रही इंतजार

मनीष कुमार ▶▶| बहादुरगढ़

एमआईई के प्लॉट नंबर-817 में जूता फैक्ट्री में लगी आग में दो श्रमिकों की जलकर मौत होने ने एक बार फिर सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फैक्ट्री में पड़े केमिकल व रबड़ से भड़की आग और जहरीले धुएं से घिरे अब्दुल अतावारिस व अमीरुद्दीन ने जान बचाने के लिए खूब हाथ-पांव मारे, लेकिन दम घुटने के कारण छत तक नहीं जा सके और जिंदा जल गए। वहीं, आरिफ ने जान बचाने के लिए छत से छलांग लगा दी। वह बुरी तरह से घायल है और आईसीयू में भर्ती है। इस दर्दनाक घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है।

मूल रूप से यूपी के हरदोई जिले के पाली कस्बे के करीब 25 वर्षीय अब्दुल अतावारिस व 40 वर्षीय अमीरुद्दीन चचेरे भाई थे। अब्दुल अविवाहित था तो अमीरुद्दीन दो बेटियों का पिता था। अब्दुल यहां एमआईई स्थित प्लॉट नंबर-817 में काम करता था, जिसमें जूते के अपर बनाए जाते हैं। बताते हैं कि करीब तीन दिन पहले ही वह अपने भाई अमीरुद्दीन के साथ यहां लौटा था। ये अन्य साथियों संग फैक्ट्री में ही रह रहे थे। बुधवार रात को ये दोनों भाई व इन्हीं के नजदीकी गांव असमदा का निवासी आरिफ फैक्ट्री में थे। खाना खाकर आरिफ फर्स्ट फ्लोर तो ये दोनों नीचे ग्राउंड फ्लोर पर सो गए।



मृतक अब्दुल का फाइल फोटो



मृतक अमीरुद्दीन का फाइल फोटो



अस्पताल में भर्ती घायल आरिफ।





बहादुरगढ़। फैक्ट्री के बाहर खड़ी दमकल गाड़ी व परिचितों से बातचीत करते एमआईई चौकी प्रभारी सज्जन सिंह।

#### एक ने ग्राउंड फ्लोर व दूसरे ने सीढ़ियों पर दम तोड़ा

इस दौरान गुरुवार सुबह करीब पांच बजे अचानक आग लग गई। रबड़, प्लास्टिक व केमिकल आदि ज्वलनशील पदार्थ के चलते जहरीले धुएं के साथ आग तेजी से फैल गई। जैसे ही दोनों की आंख खुली तो खुद को आग के बीच घिरा पाया। भागने लगे तो दम घुट गया और ऊपर छत तक नहीं जा सके। एक फर्श पर ही गिर गया तो दूसरा सीढ़ियों में जाकर गिर गया और फिर दोनों जिंदा जल गए। वहीं प्रथम तल पर सो रहे आरिफ ने बचने के लिए साथ लगती फैक्ट्री में छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वह शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। दमकल विभाग की आधा दर्जन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई।

#### फोरेंसिक टीम ने जांच की

फोरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया था। मृतकों के परिजनों को मामले से अवगत करा दिया है। उनके आने के बाद बयान लिए जाएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घायल की हालत में सुधार होने पर उसके भी बयान दर्ज करेंगे।

\- सज्जन सिंह, पुलिस चौकी प्रभारी, एमआईई

#### एमआईई में पहले भी कई हादसे हो चुके

- सितंबर 2019 में एमआईई स्थित एक कूलर फैक्ट्री में आग लगने से दो इंजीनियरों दीपक ठाकुर व शोएब अंसारी की मौत हो गई थी।
- फरवरी 2020 में डायजेस्टर केमिकल कंपनी में ब्वॉयलर ब्लास्ट होने से दस श्रमिकों की जान चली गई थी और बड़ी संख्या में श्रमिक घायल हुए।
- जनवरी 2021 में एमआईई स्थित तीन फैक्ट्रियों में एक साथ आग लगी, जिसमें बिहार मूल के गणेश व उसके साले के लड़के अमर की जलने से मौत हुई।
- जुलाई 2022 में एमआइई पार्ट बी में आग लगने के दौरान जान बचाने के लिए सोनू नाम का एक श्रमिक छत से कूदा। कुछ दिन बाद इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अब वीरवार की सुबह हादसे में दो श्रमिकों की जान गई व एक गंभीर हालत में है।

#### निकासी व वेंटिलेशन का नहीं रखा जाता ख्याल

दरअसल, बहुत सी फैक्ट्रियों में वेंटिलेशन व निकासी सहित अन्य मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। कुछ हादसों के दौरान यह सामने आया है कि आग लगने पर मजदूरों को निकलने का रास्ता ही नहीं मिल पाया। बार-बार हो रहे ये हादसे खामियों को उजागर कर रहे हैं लेकिन स्थिति जस की तस बनी रहती है। प्लाट नंबर-817 में आग लगने की क्या वजह रही, यह अभी स्पष्ट नहीं है। जांच के बाद स्थिति साफ हो पाएगी। फैक्ट्री का मालिक दिल्ली का नितेश गुप्ता बताया जा रहा है।

---

### नशीली व प्रतिबंधित दवाएं बेची तो होगी सख्त कार्रवाई : श्योराण

- एसडीसीओ ने बहादुरगढ़ में दवा विक्रेताओं के साथ बैठक कर दिए निर्देश

**बहादुरगढ़।** रोहतक व झज्जर के वरिष्ठ औषधि नियंत्रण अधिकारी रमण श्योराण ने बहादुरगढ़ में दवा विक्रेताओं के साथ बैठक की। बैठक में दवाओं की बिक्री से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। एसडीसीओ रमण श्योराण ने कहा कि हरियाणा में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री और दुरुपयोग रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। बैठक में डीसीओ झज्जर प्रतिभा यादव भी मौजूद रहीं। अधिकारियों ने झज्जर-बहादुरगढ़ के दवा विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि नशीली दवाओं या एमटीपी किट की अवैध बिक्री पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। नियमानुसार दवाओं का पूरा रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है। प्रतिबंधित दवाओं या बैन कॉम्बिनेशन की बिक्री न की जाए। जिन दवा दुकानों का ऑनलाइन पंजीकरण नहीं हुआ है, वे शीघ्र पंजीकरण कराएं। साथ ही सभी फार्मेसी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में ऋषि मलिक, हेमंत सलूजा, गुलशन सेतिया, अभिमन्यु देशवाल, कुलदीप गर्ग, मंजीत मलिक, सतीश दलाल, हरीश कुमार समेत कई अन्य दवा विक्रेता मौजूद रहे।

---

# 15 ओवरलोड वाहनों के चालान कर 4 लाख रुपये लगाया जुर्माना

### उद्यमियों ने सुबह डीसी से की शिकायत, शाम को एसडीएम ने कसा शिकंजा

- ओवरलोड वाहन सड़क पर सुरक्षा के लिए खतरा

**बहादुरगढ़।** इलाके में ओवरलोडिंग की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने बुधवार देर शाम सख्त रुख अपनाया। एसडीएम अभिनव सिवाच के नेतृत्व में आरटीए की टीम ने एमआईई क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया और नियमों की अवहेलना कर रहे वाहनों पर कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान 15 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा गया। जांच के बाद इन वाहनों के चार लाख रुपये से अधिक के चालान किए गए। प्रशासन की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। दरअसल, इलाके के उद्यमियों की ओर से बुधवार सुबह ही जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल को ओवरलोड वाहनों की शिकायत की गई थी। उपायुक्त के निर्देशों पर शाम को ही कार्रवाई देखने को मिली। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि ओवरलोडिंग न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि इससे सड़कों को भी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



बहादुरगढ़। वाहन के दस्तावेज चेक करते एसडीएम अभिनव सिवाच। फोटो : हरिभूमि

---

### पुलिस कमिश्नर ममता सिंह ने तीनों आरोपी युवकों के परिजनों से की बात

# पंकज अहलावत एनकाउंटर : तीन गांव के लोगों ने सौंपे एसआईटी को सबूत

- पंकज अहलावत के परिजनों व अहलावत खाप ने सौंपी पेन ड्राइव व ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बीती पंद्रह जनवरी की रात को हुए पंकज अहलावत एनकाउंटर मामले को लेकर सोनीपत की पुलिस कमिश्नर ममता सिंह के नेतृत्व में गठित की गई एसआईटी ने जांच तेज कर दी है। वीरवार को पुलिस कमिश्नर ममता सिंह को डीघल, अच्छेज पहाड़ीपुर और बंबुलिया गांव के लोगों ने अपने सबूत दिखाए। वहीं पंकज अहलावत के परिजनों व अहलावत खाप के प्रतिनिधियों ने पेन ड्राइव व ज्ञापन भी सौंपा। पंकज अहलावत के भाई व भाजपा नेता प्रदीप अहलावत ने कहा कि उन्हें सीएम नायब सिंह सैनी पर विश्वास है कि वे उन्हें न्याय अवश्य दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि एसआईटी को सभी सबूत सौंप दिए गए हैं।



झज्जर। एसआईटी प्रमुख पुलिस कमिश्नर ममता सिंह से मिलने जाते हुए अहलावत 27 खाप प्रतिनिधि एवं परिजन। फोटो : हरिभूमि

#### निष्पक्ष जांच की आस


अहलावत 27 खाप के प्रधान जय सिंह अहलावत ने कहा कि उन्हें सरकार व पुलिस कमिश्नर ममता सिंह पर विश्वास है कि वे मामले में निष्पक्ष जांच करेंगी। मायना गांव द्वारा पुलिस का समर्थन करने पर उन्होंने कहा कि मायना गांव के साथ उनकी खाप का पुराने समय से भाईचारा है। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने सभी लोगों को पक्ष अकेले में ही सुना। इसके अलावा मामले में गिरफ्तार किए गए रोहित के गांव पहाड़ीपुर के लोगों ने पुलिस कमिश्नर से बातचीत के दौरान सीसीटीवी फुटेज दिखाई। जिसमें रोहित छुछकवास पेट्रोल पंप से अपनी मोटरसाइकिल लेकर जा रहा है। बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उधर, बंबुलिया गांव के लोगों ने कहा कि नितेश गांव कुलताना से किसी रिश्तेदार का फोन आने पर पंकज को लेने के लिए गया था। जब वह वहां पर पहुंचा तो उतनी ही देर में पुलिस ने पकड़ लिया।

---

## पुलिस ने अतिक्रमण हटवाया, 135 वाहन चालकों के चालान काटे

- गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पुलिस अलर्ट, तलाशी अभियान चलाया

**बहादुरगढ़।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर बहादुरगढ़ पुलिस ने यातायात व सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अतिक्रमण हटाओ तथा सुरक्षा अभियान चलाया। यह अभियान बहादुरगढ़–दिल्ली मार्ग पर मेट्रो स्टेशन क्षेत्र व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थलों पर चलाया गया। इस दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण, अस्थाई दुकानें, ठेले तथा यातायात में बाधा बने अवरोध हटवाए गए। नियमों के उल्लंघन पर नो-पार्किंग सहित अन्य मामलों में कुल 135 वाहन चालकों के चालान काटे गए। सुरक्षा व्यवस्था के तहत सार्वजनिक स्थानों, होटलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। साथ ही झज्जर–दिल्ली बॉर्डर पर नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की गई।



बहादुरगढ़। अभियान के दौरान एक गाड़ी की जांच करती पुलिस।

---

### नंदी की मृत्यु को माना सामूहिक क्षति

## बिरड़ गांव में नंदी का निधन, ग्रामीणों ने अंतिम यात्रा निकालकर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव बिरड़ में गायों के संरक्षण, संवर्धन और नस्ल सुधार के उद्देश्य से रखे गए नंदी का वीरवार को निधन हो गया। नंदी के निधन की सूचना मिलने उपरांत ग्रामीणों ने एकजुटक होकर हिंदू परंपरा अनुसार श्रद्धा भाव के साथ उनका अंतिम संस्कार किया। ग्रामीणों ने बताया कि दिवंगत नंदी लंबे समय से गांव की गोसेवा व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा था। उसकी उपस्थिति से न केवल गायों का संरक्षण हुआ, बल्कि ग्रामीण पशुपालन व्यवस्था को भी मजबूती मिली। कई परिवारों की आजीविका भी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़ी थी। इसी कारण ग्रामीणों ने नंदी के निधन को एक साधारण पशु की मृत्यु नहीं, बल्कि गांव की सामूहिक क्षति बताया। ग्रामीणों द्वारा उसके पार्थिव शरीर को फूलों से सजाकर गांव में भावपूर्ण अंतिम यात्रा निकाली और विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया।



झज्जर। नंदी के निधन के बाद गांव में निकलती अंतिम यात्रा।

---

### प्रॉपर्टी टैक्स व डेवलपमेंट चार्ज वसूली

# नगर परिषद ने 11 दुकानें और भवन किए सील





बहादुरगढ़। टैक्स नहीं भरने वाले भवनों को सील लगाते नप कर्मचारी व कार्रवाई के दौरान मौजूद एसडीएम, ईओ व नप सचिव।

- पटेल नगर, उद्योग नगर और छोटूराम नगर सहित अन्य क्षेत्रों में चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रॉपर्टी टैक्स और डेवलपमेंट चार्ज की बकाया राशि जमा न कराने वाले डिफॉल्टरों के खिलाफ बहादुरगढ़ नगर परिषद ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। वीरवार को एसडीएम अभिनव सिवाच की मौजूदगी में नप टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई करते हुए कुल 11 दुकानों और भवनों को सील किया।

नगर परिषद ने वीरवार को पटेल नगर, उद्योग नगर, छोटूराम नगर तथा श्याम जी कॉम्प्लेक्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई। इसके साथ ही नगर परिषद सीमा में बिना नक्शा पास करवाए निर्माण कार्य करने वाले भवनों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अरुण नांदल ने बताया कि संबंधित दुकान व भवन मालिकों को बकाया राशि जमा कराने के लिए कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने न तो प्रॉपर्टी टैक्स और न ही डेवलपमेंट चार्ज जमा करवाया। ऐसे में नगर परिषद को नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई करनी पड़ी।

#### सीलिंग अभियान जारी रहेगा

एसडीएम ने कहा कि नगर में किसी भी घर या अन्य इमारत का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले नगर परिषद से नक्शा पास करवाना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कोई ढील नहीं बरती जाएगी। उनके अनुसार नगर परिषद का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। ऐसे में नागरिक समय रहते अपने टैक्स जमा कराएं। इस मौके पर सचिव प्रवीण छिकारा और बीआई विवेक जैन आदि मौजूद रहे।

---

**सम्मान** सांसद दीपेंद्र हुड्डा व विधायक कादियान ने शहीद को किया नमन

### सीमा सुरक्षा बल की 60 बटालियन के सिपाही सचिन की शहादत को किया सलाम

# सिवाना में शहीद सिपाही सचिन की प्रतिमा का किया अनावरण



झज्जर। शहीद की प्रतिमा अनावरण के दौरान उपस्थित सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, डॉक्टर रघुबीर सिंह कादियान एवं अन्य।

- सचिन की शहादत हरियाणा के युवाओं को देती रहेगी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव सिवाना में वीरवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सीमा सुरक्षा बल की 60 बटालियन के सिपाही शहीद सचिन की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि 2021 में देश ने अपना बहादुर जवान खोया था। शहीद सचिन की कर्तव्यनिष्ठा पर हम सभी को गर्व है और उनकी शहादत हरियाणा के युवाओं को देश की रक्षा करने वाले बलों में भर्ती होने के लिए हमेशा प्रेरणा देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि शहीदों और शहीद के परिवार का मान-सम्मान सबसे ऊपर है। सरकार न केवल शहीद के परिवारजनों को पूरा सम्मान दे, अपितु यह सुनिश्चित करे कि किसी भी शहीद के परिजन अभाव में अपना जीवन व्यतीत न करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में देश के लिए मर-मिटने की परंपरा रही है। हरियाणा का शायद ही ऐसा कोई गांव होगा जहां कोई न कोई सैनिक, पूर्व सैनिक या शहीद के परिजन न हों। इस दौरान बेरी से विधायक डॉक्टर रघुबीर सिंह कादियान, विक्रम कादियान सहित अन्य भी मौजूद रहे।



हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मान:** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।





'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्ह:** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'


'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।

**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वज:** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।




**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिता:** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।


कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव


## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब:** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक:** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य:** 395 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1
वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।

2
तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3
एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189

1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



**बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू


**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शहद सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




रशिका, जांजगीर


समृद्धि, शहडोल


धरा, रायपुर


पयोधि, अंबिकापुर


ओविया, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा


प्रमाण, बालोद

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



झज्जर। कैंप में किसानों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए जागरूक करते हुए विभागीय टीम। फोटो : हरिभूमि

### फार्मर आईडी से ही मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ : डीसी

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि एग्रीस्टैक फार्मर आईडी प्रत्येक किसान के लिए अनिवार्य है। इस आईडी के बनने के बाद ही किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि फार्मर आईडी को लेकर जिला के सभी गांवों में विभागीय टीमें जा रही हैं, जहां किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ फार्मर आईडी बनाने का कार्य लगातार जारी है।

### बिजली को निजी हाथों में देने की साजिश : मांडौठी

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी के अनुसार केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा जन समस्याओं व अति जरूरी सामाजिक मुद्दों का समाधान नहीं किया जा रहा। सरकार बिजली को निजी हाथों में देने के लिए बिजली बिल 2025 को कानून बनाकर लागू करने जा रही है। नेशनल बिजली पॉलिसी 2026 का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। बिजली के निजी कंपनियों के हाथों में जाने से यह महंगी हो जाएगी और गरीबों को मिलने वाली सभी सब्सिडी खत्म हो जाएगी। पढ़ाई दिन प्रतिदिन महंगी होती जा रही है। लाखों युवा रोजगार के लिए धक्के खा रहे हैं। कर्ज के बोझ तले परिवार दब रहे हैं।

### समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। हरियाणा सरकार की पहल पर आयोजित समाधान शिविर नागरिकों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

*कार्यकारी अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री को ज्ञापन भेजा*

# लंबित मांगों को लेकर बिजली निगम कर्मियों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बिजली निगम कर्मचारियों द्वारा वीरवार को लंबित मांगों को लेकर एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल की। हड़ताल की अध्यक्षता राज्य ऑडिटर व यूनिट प्रधान रामदर्शन ने की जबकि मंच संचालन यूनिट सचिव सुनील द्वारा किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर व सर्कल सचिव भूपेंद्र यादव ने कर्मचारियों को सरकार विरोधी नीतियों बारे संक्षित जानकारी दी। इस दौरान माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार दस वर्षों से कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, ऑनलाइन तबादला नीति को रदद करने, पुरानी पेंशन बहाल करने संबंधी मांगें उठाई गई। कर्मचारियों ने सुबह 11 बजे से दोपहर बाद चार बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल में शामिल होने उपरांत कार्यकारी अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री को ज्ञापन भी भेजा।



झज्जर। भूख हड़ताल के उपरांत निगम अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी।

### एक्सीडेंट में मृत कर्मचारियों के परिजनों को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग



**बहादुरगढ़।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन की बहादुरगढ़ यूनिट द्वारा सरकार की नीतियों के विरोध में बुधवार को सांकेतिक भूख हड़ताल की गई। हड़ताली कर्मचारियों ने सांकेतिक रूप से अपनी 21 मांग उठाई। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक हुई इस भूख हड़ताल में यूनिट प्रधान उमेश कुमार, सेक्रेट्री राकेश, उपप्रधान कुलवंत, कैशियर जोगिंद्र, वरिष्ठ उपप्रधान बिजेंद्र सैनी, सह सचिव राजेश किराड़, ऑडिटर संजीव कुमार, संगठनकर्ता राकेश सोलंकी, अनिल कुमार, सब यूनिट सेक्रेट्री हरीश गौतम, सिटी नंबर-1 सब यूनिट प्रधान सुनील नेहरा सहित अन्य शामिल रहे। स्टेट कमेटी से बंसी लाल और रविंद्र दलाल ने हड़तालियों को फूल मालाएं पहनाईं। यूनियन की मुख्य मांगों में बिजली जैसी आपातकालीन सेवा में ऑनलाइन तबादला नीति लागू न करने, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, एनपीएस से रिटायर्ड कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा देने, सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण और जोखिम भत्ता देने की मांग प्रमुख रही। इसके अलावा खाली पदों पर नियमित भर्ती, समान काम समान वेतन, 1000 यूनिट मुफ्त बिजली, निजीकरण पर रोक, महिलाओं के लिए क्रेच व अन्य सुविधाएं, भत्तों में बढ़ोतरी और प्रमोशन से जुड़ी मांगें भी शामिल रहीं। यूनियन ने बिजली निगमों में बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए सभी फील्ड कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और फैटल एक्सीडेंट में मृत कर्मचारियों के परिजनों को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की। अनिल कुमार, नरेश, श्याम शिव सिंह, इंद्रवीर, ऋषिपाल जेई, कुलदीप सिंह, मनोज कुमार, भगत सिंह, राजबीर, संदीप, विजय प्रकाश, दीपक वत्स, सुरेंद्र कुमार, रामनिवास, गौरव भारद्वाज सहित अन्य कर्मचारी इस अवसर पर मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### पूजा-अर्चना कर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने लिया मां सरस्वती का आशीर्वाद

**झज्जर।** आरईडी स्कूल में ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी पर्व वीरवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती पूजा-अर्चना के साथ की गई। प्राचार्या गीता गाबा ने एडमिन इंचार्ज पूजा, एक्टिविटी इंचार्ज मंजू, अमनदीप, विजय, प्रीति, चंचल, अंजू, सरिता, सुमन आदि शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं बल्कि ज्ञान, अनुशासन और सृजनात्मकता का प्रतीक है। इस दौरान आयोजित रचनात्मक गतिविधियों में जहां नर्सरी व एलकेजी के विद्यार्थियों ने पेपर प्लेट से सुंदर फूल बनाए वहीं पहली व दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने सूरजमुखी के फूल को पीले चावल व सरसों के दानों से सजाकर अपने कला कौशल का परिचय दिया।




झज्जर। अध्यापिकाओं के साथ मां सरस्वती को नमन करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हेल्दी फूड प्रतियोगिता के विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में वीरवार को बसंत पंचमी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व से अवगत कराया। बसंत पंचमी ज्ञान, ऊर्जा और नवचेतना का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में स्वस्थ जीवनशैली और संस्कारों का विकास होता है। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच हेल्दी फूड प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता परिणामों में नर्सरी कक्षा में कनिष्का ने पहला, आयुषी ने दूसरा व अनीता तथा गुंजन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। यूकेजी में जियांशी प्रथम, तेजस द्वितीय व नितेश तृतीय रहे। इसी प्रकार पहली कक्षा में रिद्धि, प्रतीक, अविष्का व मानव, दूसरी कक्षा में अक्षित, तामसी व मानवी, तीसरी कक्षा में रोहन, दिव्यांशी, रक्षित, उदयराज व दिव्यांश, चौथी कक्षा में खुशी, मेधावी, संयम, साक्षी, खुशी व काव्या और पांचवीं कक्षा में आरव, राशि, गरिमा, रियांश व परिधि ने उत्कृष्ट स्थान हासिल किया।

# बसंत पंचमी पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं वंदना से की गई। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पीले वस्त्र पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा बसंत पंचमी से संबंधित भाषण, गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कैंब्रिज ग्रुप के चेयरमैन शरद यादव ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्व से अवगत कराया। प्राचार्य डॉक्टर मंजीत कुमार ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए उन्हें ज्ञान, अनुशासन और संस्कारों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### एलए स्कूल में धूमधाम से मनाया बसंत महोत्सव

**झज्जर।** एलए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कक्षा प्री-नर्सरी से पांचवीं के सभी बच्चे पीतांबर वस्त्र पहनकर कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, स्कूल प्रबंधक केएम डागर व स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने ललित कलाओं की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष धूप-दीप प्रज्ज्वलित किए। इसके बाद कक्षा चौथी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में बच्चों ने पारम्परिक गीतों पर मनोहर प्रस्तुति दी। इस दौरान रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत व पुष्पा यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।





### मां सरस्वती को किया नमन

**झज्जर।** रविंद्रा भारती शिक्षण महाविद्यालय में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती मां की वंदना की गई। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन के साथ मां सरस्वती को पीले पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रवक्ता समेश ने छात्राओं को बसंत पंचमी के महत्व बारे जानकारी दी। इस मौके पर मीना, आरती धनखड़, रितु व वीरेंद्र कौशिक सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




### पीले रंग के कपड़े पहनकर स्कूल पहुंचे विद्यार्थी

झज्जर। कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में बसंत पंचमी पर्व के उपलक्ष्य में मुख्य प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थी पीली पोशाक में स्कूल पहुंचे। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच येलो फूड व पतंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय कॉर्डिनेटर प्रियंका शर्मा ने मां सरस्वती व बसंत पंचमी के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान शिक्षिका तुशिका, ज्योति , संगीता, आंचल, प्रियंका, कविता, सुषमा, मीनाक्षी एवं ज्योति गुलिया द्वारा विद्यार्थियों के साथ मां सरस्वती का विधिवत पूजन किया गया।

# नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए बनाए पोस्टर व निकाली रैली

- सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रामपुरा गांव में शुभारंभ

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई-एक एवं दो के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने किया। उन्होंने एनएसएस से जुड़े अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए तथा स्वयंसेवकों को कॅरियर से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने स्वयंसेवक शब्द के अर्थ को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को सत्य के मार्ग पर चलने, तनाव कम करने, स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा मोबाइल के सीमित उपयोग की प्रेरणा दी। दर्शन शास्त्र प्राध्यापक पंकज ने एनएसएस के उद्देश्यों एवं समाज में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला जबकि प्राध्यापिका हर्षिता ने विद्यार्थियों को कॅरियर से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर के दौरान नशामुक्ति एवं यातायात नियमों पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने अपने पोस्टरों के साथ रामपुरा गांव में जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों के प्रति सचेत किया और खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी, विकास सुहाग, प्राध्यापक विप्लव, नवीन कुमार, डॉक्टर अंकुर, डॉक्टर अरुण, जितेंद्र कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। शिविर में भोजन करते हुए स्वयंसेवक।

## घातक बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है जागरूकता : सिविल सर्जन

# रंगोली व मेहंदी स्पर्धा से दिया बीमारियों से बचने का संदेश

- जिला एड्स कंट्रोल सोसायटी ने संवाद भवन में एड्स, क्षय रोग एवं स्वास्थ्य अधिकारों को लेकर किया जागरूक
- 62 एचआईवी टेस्ट किए गए तथा 60 प्रतिभागियों की शुगर व हीमोग्लोबिन जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा स्थानीय संवाद भवन में एड्स, क्षय रोग एवं स्वास्थ्य अधिकारों को लेकर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. मंजू कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

सिविल सर्जन ने कहा कि एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग की भूमिका समाज को आगे बढ़ाने में अहम है और सही जानकारी ही अज्ञानता को समाप्त कर सकती है। एड्स न केवल शरीर को बल्कि व्यक्ति के सपनों और जीवन को भी प्रभावित करता है, समय पर जांच और उपचार अत्यंत आवश्यक है। रेड रिबन क्लब एवं पीयर एजुकेटर समाज को सकारात्मक संदेश देने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। इस दौरान क्षय रोग, एड्स व कुष्ठ रोग के तहत सभी प्रतिभागियों व कर्मचारियों की स्क्रीनिंग की गई।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सिविल सर्जन एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

इसमें कुल 62 एचआईवी टेस्ट किए गए तथा 60 प्रतिभागियों की शुगर व हीमोग्लोबिन जांच की गई। जिला एड्स कंट्रोल सोसायटी के नोडल अधिकारी उप सिविल सर्जन डॉ. निधि मोमिया ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के 31 रेड रिबन क्लबों से 2 नोडल टीचर एवं 6 पीयर एजुकेटर ने भाग लिया। वर्कशॉप में रैंप वॉक, रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता में विजेताओं एवं भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज डायरी

### नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया



**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में वीरवार को छात्राओं ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। ड्रग अवेयरनेस सेल की प्रभारी डॉ. नीतू जैन ने बताया कि रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। रैली में छात्राओं ने नशे को ना कहें, नशा मुक्त जीवन अपनाएं, स्वस्थ युवा-सशक्त राष्ट्र जैसे प्रेरणादायक नारे लगाकर लोगों में जागरूकता का संदेश दिया। प्राचार्या डॉक्टर नीलम गर्ग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उसकी मानसिक क्षमता, आत्मविश्वास और भविष्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। डॉ.नीतू जैन ने कहा कि जागरूकता ही नशे जैसी सामाजिक बुराई से लड़ने का सबसे प्रभावी साधन है। छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशामुक्त रहें और समाज में भी इस संदेश को आगे बढ़ाएं।

### एचडी स्कूल की दो छात्राएं बनीं अधिकारी



**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास की छात्रा सीमा जाखड़ व निकिता पूनिया ने अधिकारी बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि विद्यालय की पूर्व छात्रा सीमा जाखड़ ने आईओसीएल में क्वालिटी कंट्रोल ऑफिसर बनकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया वहीं निकिता पूनिया का चयन भी पंजाब नेशनल बैंक में पीओ पद पर हुआ है। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### रोहित व रश्मि को मिला बेस्ट वॉलंटियर का खिताब



**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस कैंप वीरवार को संपन्न हो गया। समापन दिवस पर फिजिकल एजुकेशन के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर मयंक ने योग के महत्व पर व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को योग के फायदों से अवगत कराते हुए उन्हें नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। सीएचसी दूबलधन से नर्सिंग ऑफिसर नवीन व अनु ने स्वयंसेवकों को फर्स्टएड व सीपीआर के संबंध में व्याख्यान देते हुए उन्हें आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवकों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। विद्यार्थियों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस दौरान स्वयंसेवक रोहित व रश्मि को बेस्ट वॉलंटियर चुना गया। इसके अतिरिक्त क्विज कंपीटिशन और खेल में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले विजेता प्रतिभागियों व शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया, एनएसएस प्रभारी डॉक्टर रणदीप, डॉक्टर सरला, डॉक्टर सुमन, मनीषा, अंजू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### सिलाई प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया



**झज्जर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने वीरवार को क्षेत्र के गांव अंबोली में चलाए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को नियमित रूप से प्रशिक्षण लेने एवं सीखे गए कौशल को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सिलाई प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त माध्यम है, जिससे वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को बैंक में खाते खुलवाने, बैंक द्वारा दी जा रही ऋण योजनाओं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ी जानकारी भी दी गई। इस मौके पर संकाय सतपाल सिंह और प्रशिक्षिका प्रिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### सेंसस आंकलन के परिणामों पर चर्चा



**झज्जर।** निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा कराए गए सेंसस आंकलन के दूसरे चरण के परिणामों पर चर्चा करने व विद्यालयों के लिए आगामी रणनीति तैयार करने के उद्देश्य से एक मीटिंग का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश पाल की अध्यक्षता में आयोजित इस मीटिंग में मातनहेल खंड के दूसरी व तीसरी कक्षा के शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने शिक्षकों को आकलन के पहले चरण व दूसरे चरण में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर बधाई देते हुए अगले आकलन में और अच्छा प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने मैंटर्स को अपने-अपने संकुल के अध्यापकों को उचित सहयोग करने व अधिक से अधिक विजिट करने के निर्देश दिए गए। बीआरपी मोनिका ने आंकलन के परिणाम साझा करते हुए बताया कि खंड के बीस विद्यालय ए श्रेणी में, तेरह बी श्रेणी में तथा दस विद्यालय सी श्रेणी में आए हैं। इस दौरान शिक्षकों से आंकलन के दौरान आने वाली समस्याओं बारे भी बात की गई तथा उनके द्वारा बताए गए सुझावों को नोट कर लिया गया। तीसरे चरण में विद्यार्थियों को आगामी 45 दिनों में सुनियोजित कार्यनीति के अंतर्गत पढ़ाया जाएगा और उन दक्षताओं पर अधिक से अधिक कार्य किया जाएगा।

### नालों की सफाई के लिए दुकानों के बाहर बने स्लैब तोड़े



**झज्जर।** नगर परिषद द्वारा इन दिनों शहर में नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। ऐसे में नालों पर किए हुए अवैध निर्माण और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्य किया जा रहा है। नप टीम द्वारा नालों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से तोड़ा जा रहा है। जिसके कारण जहां दुकानदार परेशान हैं, वहीं नप की इस कार्रवाई का समर्थन भी कर रहे हैं। नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि दुकानदारों द्वारा नालों के ऊपर पक्के निर्माण कर लिए थे। जिसके कारण नालों की सफाई करवाने में दिक्कतें हो रही थी। नालों की पूर्णतया सफाई नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में जलभराव के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसके कारण अवैध निर्माणों को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण हटाने के बाद भी अगर कोई दोबारा अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान कई स्थानों पर नालों के टूटने की सूचना भी उन्हें मिली है। उन्होंने कहा कि जहां जहां से नाले टूटे है, उनकी मरम्मत का कार्य भी साथ साथ करवा दिया जाएगा। दुकानदारों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनी में फिर निर्माण शुरू

**बहादुरगढ़।** करीब छह महीने पहले सराय और कसार के निकट कट रही अवैध कॉलोनी पर डीटीपी का पीला पंजा चला था, लेकिन अब फिर से यहां सीवर लाइन बिछाकर कच्चा रास्ता तैयार किया गया है। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने आरोप लगाया कि अवैध प्लॉटिंग में कुछ अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने प्रशासन को इस अवैध कॉलोनी के बारे में सूचित किया है। फिर से मुख्यमंत्री को भी अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि प्रशासन को अवैध पनप रही कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### अवैध हथियार और कारतूस सहित काबू

**बहादुरगढ़।** सीआईए-2 ने शहर थाना क्षेत्र से एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया। आरोपी की पहचान हर्षित के रूप में हुई है। आरोपी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उससे एक देशी पिस्तौल व कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ पहले भी दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### प्रदेश में अपराध हो रहा बेलगाम : गौतम

बहादुरगढ़। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नीरज गौतम ने आरोप लगाया कि भाजपा राज में प्रदेश अपराध की राजधानी बन गया है। हरियाणा में महिलाओं व बेटियों के साथ-साथ हर नागरिक स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अपराधी व बदमाश सुरक्षित व बेखौफ होकर खुले घूम रहे हैं। नायब सरकार को कठोर कदम उठाते हुए अपराध पर नकेल कसनी चाहिए।

### परिजनों ने लगाई युवती को तलाशने की गुहार

**बहादुरगढ़।** बिहार मूल की एक युवती बहादुरगढ़ के रोहद क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। कई दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस से बेटी को तलाशने की गुहार लगाई है। सिवान जिले के निवासी अशोक का कहना है कि वह यहां रोहद में रहता है। गत 26 दिसंबर को उसकी 18 वर्षीय बेटी अर्चना घर से बाहर गई थी लेकिन वापस नहीं आई। काफी देर तक नहीं लौटी तो तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं लेकिन उसका कुछ अता पता नहीं है। वहीं, जांच अधिकारी देवेंद्र कुमार का कहना है कि इस संबंध में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। तमाम चौकी, थानों में सूचना जारी की जा चुकी है। युवती को तलाशने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# बसंत पंचमी मनाई, नेताजी को किया नमन

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की देशभक्ति, संघर्ष व बलिदान पर भी प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में वीरवार को हिंदी विभाग द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती तथा बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर दीप महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती की प्रतिमा व नेताजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण किया गया।

प्राचार्य डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि छात्राओं में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना एवं साहित्यिक रुचि का विकास करने के उद्देश्य से कार्यक्रम हुआ। संसार में ज्ञान का महत्व सर्वोपरि है। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की देशभक्ति, संघर्ष व बलिदान पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने अपने देश की रक्षा के लिए सब कुछ अर्पण कर दिया था।

उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प व आजादी के जुनून ने अंग्रेजी शासन की न केवल नींव हिला दी थी बल्कि उन्हें भारत को छोड़ने पर मजबूर भी कर दिया था। हिटलर जैसे तानाशाह भी नेताजी का सम्मान करते थे। हमें उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर उन्होंने बसंत ऋतु की महिमा का भी बखान किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजीत ने छात्राओं को नेताजी के आदर्शों, स्वावलंबन, साहस और देशभक्ति को आत्मसात करने का संदेश दिया। हिंदी प्राध्यापिका सीमा भारद्वाज ने भाषा और साहित्य के महत्व पर भी चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. नेहा नैन, डॉ. शालू शर्मा, डॉ. कुसुम, शिखा तिवारी, डॉ. भारती मिश्रा, डॉ. नैना, रीना, नितेश व ज्योति आदि ने नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित की।



**बहादुरगढ़।** मां सरस्वती व नेताजी को नमन करती डॉ. राजवंती शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा की

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को पीले फूलों एवं रंग बिरंगी सजावट से आकर्षक रूप दिया गया। मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। छात्राओं ने भावपूर्ण कविता एवं गीतों के माध्यम से बसंत ऋतु के महत्व को दर्शाया। प्रिंसिपल ने छात्राओं को बसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व के बारे में बताया। सभी को ज्ञान, विद्या और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।



**बहादुरगढ़।** मां सरस्वती की स्तुति करती वैश्य स्कूल की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में बनाए स्लोगन दिखाती स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्र निर्माण में योगदान का लिया संकल्प

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में मां सरस्वती के पूजन के साथ बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। पूजन उपरांत छात्राओं द्वारा नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में स्वयंसेविकाओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत स्लोगन व पोस्टर भी बनाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजन, आरती एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के दिशा निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने पूर्ण श्रद्धा भाव से पूजन में भाग लिया। स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों में बसंत ऋतु, ज्ञान और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। स्वयंसेवकों ने प्रेरक नारों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और साहस का संदेश दिया। इन स्लोगनों ने युवाओं में आत्मविश्वास, कर्तव्यनिष्ठा एवं देश के प्रति समर्पण की भावना को जागृत किया। पराक्रम दिवस के संदेशों ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायी तथा सार्थक बना दिया।



**बहादुरगढ़।** प्रतियोगिता के दौरान रंगोली बनाती जसौरखेड़ी कॉलेज की छात्रा।

### तमन्ना, खुशबू, तनीशा व गीतू रहे प्रथम

**बहादुरगढ़।** गांव जसौरखेड़ी के राजकीय कन्या महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों के दूसरे दिन वीरवार को विभिन्न सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, निबंध लेखन तथा कोलॉज मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में तमन्ना, रंगोली में खुशबू, पोस्टर मेकिंग में खुशबू, स्लोगन राइटिंग में तनीशा, निबंध लेखन में तमन्ना तथा कोलॉज मेकिंग में गीतू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. पूनम, डॉ. सुनील तथा डॉ. सुनील कुमार आदि ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी।



**बहादुरगढ़।** वर्कशॉप में डांस प्रैक्टिस करते बादली कॉलेज के विद्यार्थी।

### बादली कॉलेज में छात्राओं ने हरियाणवी लोकनृत्य सीखा

**बहादुरगढ़।** बादली राजकीय महाविद्यालय में महिला सेल द्वारा लड़कियों की दो दिन की हरियाणवी लोक नृत्य कक्षा वीरवार को संपन्न हो गई। मून स्टार एकेडमी के आर्टिस्ट नवीन कुमार ने हरियाणवी समूह लोक नृत्य की तैयारी करवाई। प्रिंसिपल आनंद कादियान ने वर्कशॉप में छात्रों के प्रयासों और सहयोग की सराहना की। महिला सेल की नोडल ऑफिसर पूनम शर्मा द्वारा आयोजित वर्कशॉप में डॉ. आरती, डॉ. आशा, डॉ. पूनम और डॉ. बेबी आदि मौजूद रहे।

### गुरु रविदास जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की लगाई ड्यूटी

**झज्जर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 31 जनवरी को उमरी कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा के कमलम कार्यालय अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने मुख्य रूप से शिरकत करते हुए समारोह को अनुशासित व भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि द्वारा की गई। उन्होंने आयोजन की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की ड्यूटी निर्धारित करते हुए कहा कि संत गुरु रविदास का जीवन समाज में समानता, समरसता और मानवता का संदेश देता है, जिसे जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। इस मौके पर जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, मनीष बंसल, सुनीता चौहान, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश मकडौली सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

# टाटा मुंबई हाफ मैराथन रेस में राजकुमार ने जीता सिल्वर मेडल

- 21 किलोमीटर की रेस को 1 घंटा 23 मिनट 37 सेकंड में किया पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अंतरराष्ट्रीय स्तर की टाटा मुंबई मैराथन रेस में जिले के गांव जौंधी निवासी एथलीट राजकुमार ने 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में सिल्वर मेडल जीत कर जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। बीती 18 जनवरी को आयोजित यह 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन रेस उन्होंने 1 घंटा 23 मिनट 37 सेकंड में पूरी की।

राजकुमार जौंधी ने बताया कि इससे पहले दिसंबर माह में बिहार के पटना में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलीट प्रतियोगिता की 800 और 1500 मीटर स्पर्धा में दो गोल्ड मेडल हासिल कर चुके हैं। 1500 मीटर रेस में उन्होंने अपने ही रिकार्ड में सुधार करते हुए 4 मिनट 44 सेकंड का समय निकालकर रिकॉर्ड बनाया। इसी माह अहमदाबाद में आयोजित 21 किलोमीटर की अडानी हाफ मैराथन 1 घंटा 23 मिनट 17 सेकंड में पूरी करके गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। उन्होंने बताया कि वे अपनी दक्षता बनाए रखने के लिए वे सप्ताहभर में करीब 150 किलोमीटर की रेस लगाते हैं।



**झज्जर।** सिल्वर मेडल विजेता राजकुमार जौंधी। फोटो : हरिभूमि

#### इन्होंने दी बधाई

इस उपलब्धि पर ग्राम सरपंच अनिल कुमार, एथलेटिक्स कोच पवन कुमार, कुश्ती कोच नरेंद्र जौंधी, जगबीर गुढ़ा, नीतू, गजराज, सुनीत आदि ने राजकुमार को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



**बहादुरगढ़।** डीईटीसी का स्वागत करते बीसीसीआई और एफपीए प्रतिनिधि।

### डीईटीसी का बीसीसीआई और एफपीए प्रतिनिधियों ने किया सम्मान

**बहादुरगढ़।** बीसीसीआई और एफपीए के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त डीईटीसी (जीएसटी) अजय कंसल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उद्योग एवं व्यापार से जुड़े विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक संवाद किया। इस दौरान ईटीओ विजय भाटिया समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री तथा फुटवियर पार्क एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने अजय कंसल को उद्यमियों के साथ एक औपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। मुलाकात के दौरान प्रधान सुभाष जग्गा, उपाध्यक्ष विकास आनंद सोनी, देशराज, पवन जैन, विनोद अग्रवाल व नरेंद्र छिकारा आदि उपस्थित रहे।

# शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में दीपिका रही प्रथम

- राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में चार दिवसीय कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला का वीरवार को समापन हो गया। प्राचार्य दलवीर सिंह ने छात्राओं के सर्वांगीण विकास में कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की भूमिका पर बल दिया तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

कार्यशाला में भरतनाट्यम एवं शास्त्रीय नृत्य में विशारद उपाधि प्राप्त प्रशिक्षित कलाकार दिपाली प्रह्लाद मलिक ने छात्राओं को भरतनाट्यम की मूल मुद्राओं, भाव-अभिनय एवं तकनीकी पक्षों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस चार दिवसीय शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला में महाविद्यालय की 50 छात्राओं ने पंजीकरण कर सक्रिय रूप से भाग लिया तथा कार्यशाला के दौरान सभी छात्राओं की सक्रिय एवं नियमित सहभागिता रही। कार्यशाला के अंतिम दिन आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा शास्त्रीय नृत्य की तकनीकों एवं अभ्यास का शानदार प्रदर्शन किया गया। शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में बीबीए तृतीय वर्ष की दीपिका ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष की इशिका ने द्वितीय स्थान, बीएससी द्वितीय वर्ष की स्वाति तथा बीएससी प्रथम वर्ष की अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका हीरा रापड़िया के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

निर्णायक मंडल में शामिल कॉलेज उप-प्राचार्या सुमन हुड्डा, अनु व मंजू दलाल ने छात्राओं के आत्मविश्वास, लय, भाव-अभिनय एवं तकनीकी पक्ष की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया। महिला प्रकोष्ठ सदस्य अनुराधा सभरवाल, पूनम व भावना आदि ने सराहनीय सहयोग किया।



**बहादुरगढ़।** कॉलेज स्टॉफ के साथ कार्यशाला की प्रतिभागी व विजेता छात्राएं।



**बहादुरगढ़।** सूर्य नमस्कार करते बादली कॉलेज के छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### सूर्य नमस्कार करवा योग का महत्व समझाया

**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष योगा ट्रेनर रेणु देवी द्वारा छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया तथा योग के महत्व और लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य आनंद कादयान ने की। संयोजक डॉ. विजय सिंह ने संचालन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ स्वयं भी योग अभ्यास में भाग लिया। रेणु देवी ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने, अधिक से अधिक पेड़ लगाने, सात्विक भोजन अपनाने एवं नशा मुक्त हरियाणा की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।



**झज्जर।** स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में बुजुर्गों को सम्मानित करते हुए बीके डॉक्टर भावना। फोटो : हरिभूमि

### ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस पर किया बुजुर्गों का सम्मान

**झज्जर।** शहर की दुर्गा कालोनी स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में वीरवार को संस्थान संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57वां स्मृति दिवस मनाया गया। ब्रह्माकुमारी डॉक्टर भावना बहन ने बताया कि ब्रह्मा बाबा का जन्म 1876 में हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने लोगों को आत्मज्ञान, सहजयोग और कर्म सिद्धांत के माध्यम से व्यक्ति के नैतिक व आध्यात्मिक चरित्र निर्माण का मार्ग दिखाया। वर्ष 1936 में उन्होंने ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विद्यालय की स्थापना की। वर्ष 1950 के देश विभाजन के बाद उन्होंने राजस्थान के माउंट आबू आकर तपस्या की। वर्तमान समय में संस्था विश्व के 140 से अधिक देशों में सेवाएं कर रही हैं। कार्यक्रम में बुजुर्गों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर डॉक्टर मोनिका, ऋतु, मंजू, अंजु रानी, सुनीता, गायत्री, जमुनाआदि उपस्थित रहे।

## हरियाणा बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

# क्वार्टर फाइनल में दिखी जूनियर बिलियर्ड्स खिलाड़ियों की प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित शाइनिंग स्टॉर एकेडमी में चल रही 92वें एसबीए नेशनल बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप के दौरान हरियाणा बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन के अध्यक्ष आईपीएस पंकज नैन ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सीनियर के बाद अब जूनियर वर्ग में भी शानदार मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले भी रोमांचक होने की उम्मीद है।



**बहादुरगढ़।** चैंपियन खिलाड़ी को सम्मानित करते हरियाणा बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन के अध्यक्ष आईपीएस पंकज नैन। फोटो : हरिभूमि

### उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई

बता दें कि पहली बार बहादुरगढ़ में हो रही इस नेशनल चैम्पियनशिप को सफल एवं व्यवस्थित रूप से आयोजित करवाने में हरियाणा बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन के अध्यक्ष आईपीएस पंकज नैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यहां खिलाड़ियों की ओर से उच्च स्तरीय खेल का प्रदर्शन देखने को मिला तो एसोसिएशन व एकेडमी की ओर से उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। आयोजन समिति ने क्यू स्पोर्ट्स को मुख्यधारा में आगे बढ़ाने के लिए पंकज नैन के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के महासचिव अमनप्रीत सिंह ने बताया कि लड़कों के अंडर-17 बिलियर्ड्स क्वार्टर फाइनल मुकालबों में आरव संचेती (महाराष्ट्र) ने जैकृषांथ यादव (तमिलनाडु) को हराया, मोहम्मद मुस्तफा (कर्नाटक) ने कबीर शाह (गुजरात) को हराया, वैभव चड्ढा (तेलंगाना) ने केएस वेधान्त (तमिलनाडु) को हराया, राहुल विलियम्स (तमिलनाडु) ने आर. दीपकर्थी (तमिलनाडु) को हराया। शाइनिंग स्टॉर एकेडमी की चेयरपर्सन शैलजा जून ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर जूनियर प्रतिभाओं का यह प्रदर्शन भारतीय क्यू स्पोर्ट्स के भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा।



**झज्जर।** होनहार खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि

### होनहार खिलाड़ी पलक को किया सम्मानित

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बोड़िया की बेटी पलक बाल्याण ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह द्वारा होनहार खिलाड़ी पलक बाल्याण को सम्मानित किया गया। पलक ने बीते वर्ष डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की नेशनल प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीता था। अबकी बार उसने 36 किलो ग्राम भार वर्ग की फ्री स्टाइल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने उसे मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।